प्रेषक,

श्रीमती सुधा,
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
न्याय कक्ष सं0–01,बुलन्दशहर।

सेवा में,

माननीय संयुक्त निबन्धक,(न्यायिक)(बजट)
माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद।

द्वाराः माननीय जिला न्यायाधीश महोदय,
बुलन्दशहर।

विषयः माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक संख्या 3406/IV h-16/Admin(A-4)/ Dated 23-03-2016 के अनुपालन में चल व अचल सम्पत्ति के विवरण प्रस्तुतीकरण के संबंध में–

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि मेरे न्यायिक सेवा में दिनांक 18–12–2009 को आने के पश्चात अपनी चल, अचल सम्पत्ति का वर्ष 2018–2019 तक विवरण माननीय न्यायालय के समक्ष दिनांक 15–01–2020 को भौतिक रूप से प्रस्तुत किया जा चुका है।

मेरे द्वारा दिनांक 04–11–2020 को वित्तीय वर्ष 2019–2020 का अचल सम्पत्ति का विवरण माननीय न्यायालय के समक्ष भौतिक रूप से प्रेषित की जा चुका है। दिनांक 23–09–2020 को स्थानान्तरित होकर जनपद बुलन्दशहर में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, न्याय कक्ष संख्या–1, बुलन्दशहर के पद पर कार्यरत हूँ। मेरी 6 वर्षीय पुत्री गुर्दे की बीमारी से ग्रसित है, जिसके इलाज में व्यस्त रहने व पिताजी की इलाज के दौरान ही मृत्यु हो जाने के कारण मैं मानसिक तनाव में रही तथा कोविड–19 के कारण मैं अपना चल सम्पत्ति का विवरण वित्तीय वर्ष 2019–2020, 2020–2021 व 2021 से 2022 तथा अचल सम्पत्ति का विवरण वित्तीय वर्ष 2020–2021 व 2021–2022 प्रस्तुत नहीं कर सकी। अब मेरे द्वारा अपने पूर्व तैनाती के जनपदों में संचालित बैंक खातों का विवरण एकत्र कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति का विवरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। उपरोक्त कारणवश व मेरी पुत्री की अस्वस्थता के चलते, पिताजी की दौरान इलाज ही मृत्यु हो जाने चलते, उक्त विवरण प्रस्तुति समय से नहीं की जा सकी, जिसके लिए प्रार्थिया क्षमा प्रार्थी है।

अतः आदरणीय महोदय जी से विनम्र निवेदन है कि चल–अचल सम्पत्ति के विवरण की प्रस्तुति में हुए विलम्ब को क्षमा करते हुए, उक्त विवरण को स्वीकार करने की कृपा करें।

प्रार्थिया माननीय महोदय की सदैव आभारी रहेगी।
सादर।

भवदीया,

दिनांक–31.03.2022

Sudha
31/3/22

(श्रीमती सुधा),
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
न्याय.कक्ष सं0–01, बुलन्दशहर।
आई डी नम्बर 01864

Forwarded
BULANDSHAHR JUDGESHIP
No. 760/I Dated 31/03/2022
District Judge,
Bulandshahr
31/3/22